

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 41 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 03 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

गजेन्द्र भगत पंचतत्व में विलिन

सिवनी यशोः- गुरूवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और अधिवक्ता गजेन्द्र भगत का निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम गुदमा में किया गया। स्वर्गीय भगत भाजपा के बड़े ही निष्ठावान कार्यकर्त्ता रहे है आप अनेक संगठनात्मक पदों पर लंबे समय तक कार्य करते रहे है इसके साथ डोक्टर ढालसिंह बिसेन के विधायक कार्यकाल में बरघाट विधानसभा में विधायक प्रतिनिधि का कार्य भी कुशलता पूर्वक किया श्री भगत का सरल सौम्य स्वाभाव के धनी व्यक्ति होने के साथ गलत कामों का हमेशा मुखर विरोध करने वाले रहे है। उनके विरोध का सामना उनके सगे संबंधियों को भी करना अनेक बार करना पड़ा।

श्री भगत का निधन भाजपा के लिये अपूर्णिय क्षति है उनके दुखद निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन बरघाट विधायक राकेश पाल सिंह सहित समस्त नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं ने उनकी आत्मशांति की कामना करते हुये परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना की है।

भैरोगंज में महिला की दिन दहाड़े हत्या

सिवनी यशोः- सिवनी उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के महाराज बाग में एक सेवानिवृत शिक्षिक श्रीमती मधु तिवारी पति रमेश तिवारी की दिन दहाड़े अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गला रेत कर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या के संबंध में आशंका जतायी जा रही है कि यह मामला लूटपाट करनेके उद्देश्य से की गयी है। बताया गया है कि जिस समय महिला की हत्या हुई उस वक्त घर पर वह अकेली थी पति रमेश तिवारी नित्य की तरह समीप के मंदिर गये हुये थे और वहाँ अपने हमउम्र साथियों के साथ बैठे गये। उनकी पुत्री अपने माता पिता से मिलने घर गयी हुई थी दरवाजा खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने दरवाजे जोर से धक्का दिया और अंदर गयी तो किचन में उनकी माँ खून से लथपथ पड़ी हुयी थी पास ही मंगल सूत्र पड़ा था अलमारी खुली पड़ी थी दृश्य देखकर उनकी पुत्री घबरा कर चिल्लाने लगी और पड़ोस में रहने वाले अपने मामा जी को बताया देखते ही देखते आसपास के लोग जमा होगये। घटित घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का वातावरण बना हुआ है घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर जाँच में जुट गयी है।

जबरन नॉलेज

पी ओ और जिओ- काका हा हा हा

अवैध शराब की बिक्री के विरोध में : जिले के थानों का होगा घेराव

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार में मध्यप्रदेश के जनजाति बाहुल्य जिला सिवनी में शराब ठेकेदारों के द्वारा गांव-गांव में शराब आबकारी व पुलिस प्रशासन के संरक्षण व सहयोग से बिकवा रहे है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में युवा वर्ग सहित अनेक परिवार शराब के चक्कर में बर्बाद हो रहे है। आपसी वाद-विवाद बढ़ रहे है यहां तक कि हत्यायें भी हो रही है इसके पीछे शराब प्रमुख कारण है और सबसे ज्यादा शराब ठेकेदारों के द्वारा गांव-गांव में शराब आसानी से उपलब्ध कराई जाकर ग्रामीण क्षेत्रों को नशायुक्त वातावरण में बदला जा रहा है उक्त आरोप गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष गया प्रसाद कुमरे ने जारी प्रेस-विज्ञप्ति में लगाये है।

अपनी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे कहा कि शराब ठेकेदारों के द्वारा गांव-गांव में अवैध रूप से शराब आबकारी व पुलिस प्रशासन के संरक्षण में बिकवाई जा रही है। शराब के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी विरोध मोर्चा खोलकर क्षेत्रिय पुलिस थाना का घेराव करेगी। आगे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष गया प्रसाद कुमरे ने बताया कि सिवनी जिले में अवैध शराब गांव-गांव शराब ठेकेदार बिकवा रहे है। इस संबंध में अनेकों शिकायते ग्राामीणजनों के द्वारा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को की जा रही है। वहीं पूर्व में भी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा शराब ठेकेदारों के खिलाफ में विरोध दर्ज कराते हुये गांव-गांव बिक रही शराब पर रोक लगाने एवं कानूनी कार्यवाही करने के लिये ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसके कारण शराब ठेकेदारों के हौंसले बुलंद है और गांव-गांव शराब धड़ल्ले से बिकवा रहे है।

आगे जानकारी देते हुये गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष गया प्रसाद कुमरे ने बताया कि गोंगपा के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि शराब ठेकेदारों के द्वारा गांव-गांव में बिक रही शराब के विरोध में कानूनी कार्यवाही कराये जाने हेतु गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा क्षेत्रिय पुलिस थाना का घेराव किया जायेगा। जिसकी शुरूआत कान्हीवाड़ा पुलिस थाना से किया जायेगा। इसके बाद सिवनी जिले के समस्त पुलिस थाना क्षेत्रों का एवं आबकारी विभाग का घेराव किया जायेगा जिसमें चरणबद्ध रूप से बण्डोल थाना, धनौरा थाना, केवलारी थाना, घंसौर थाना, लखनादौन थाना, धूमा थाना, आदेगांव थाना, छपारा थाना, उगली थाना, बरघाट थाना, कुरई थाना, अरी थाना, लखनवाड़ा थाना, सिवनी थाना का घे किया जायेगा।

कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने गुरूवार 01 जून को सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारो तथा नायब तहसीलदारों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयवार अविवादित नामान्तरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित एसडीएम एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को दिये।

कलेक्टर श्री सिंघल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामान्तरण का कोई भी प्रकरण बिना वजह लम्बित न रहें। इसी तरह विवादित नामांतरण प्रकरणों को भी सम्बंधित पक्षकारों के पक्ष को सुनकर पूर्ण संतुष्टि से निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को नामांतरण प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि भू-खण्ड या भवन की रजिस्ट्री के उपरांत संपदा पोर्टल के डाटाबेस अनुरूप स्वतः नामातंरण किए जाएं। उन्होंने सीमांकन के लंबित प्रकरणों, राजस्व वसूली की भी न्यायालयवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने मुख्यमंत्री धरणाधिकार एवं मुख्यमंत्री आवसीय भू-अधिकार योजना की प्रगति की भी अनुविभागवार समीक्षा की। स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामवार नेशे की स्थिति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के ई-केवायसी की स्थिति, राजस्व रिकार्ड दुरूस्तिकरण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार अभियान चलाकर नवीन मतदाताओं को जोड़ने तथा मतदाता सूची में सुधार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जारी कार्यक्रमानुसार बीएलओ घर-घर सर्वे कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इस कार्य के लिए बीएलओ का व्यवहारिक प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए।

नपा के कर्मचारी ही अतिक्रमण किये हुये है, विकास कार्यो में कर रहे बाधा उत्पन्न

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका इन दिनों पूरे नगर का काया कल्प करने की दिशा में अग्रसर है। जिसके लिये बड़े बड़े अवैध निर्माण तोड़े जा रहे है और नगरीय क्षेत्र की जनता से नगर विकास के लिये सहयोग की अपेक्षा भी जतायी जा रही है और इसके लिये पूरे नगर में मुनादी करायी जा रही है कि जिनके भी अवैध निर्माण विकास कार्य में बाधक बन रहे है वे अपने अवैध निर्माण को हटा लें इस प्रकार की मुनादी नगर पालिका द्वारा करायी जा रही है, जिसका पालन आम जनता तो कर रही है परंतु सिवनी नगर पालिका में पदस्थ स्थानीय कर्मचारी नगर पालिका की अपील को नजरंदाज कर रहे है और निर्माण कार्यो में संलग्न एजेंसियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद द्वारा समझाईश देने पर भी इन पर कोई असर नहीं हो रहा है।

इसी प्रकार की बाधा नगर के पृथ्वीराज चौहान वार्ड में भी उत्पन्न हो रही है जहां सिवनी नगर पालिका में पदस्थ लिपिक सतीश कुल्हाड़े का निवास है इस वार्ड में एक नाली का निर्माण कार्य हो रहा है जिसका 95 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है केवल सतीश कुल्हाड़े के निवास के सामने इनके द्वारा नाली के ऊपर निर्माण कर लिया गया है और यह उस अतिक्रमण नहीं हटा रहे है। इस बात की शिकायत पृथ्वीराज चौहान वार्ड के पार्षद रविशंकर भांगरे द्वारा जिला कलेक्टर को भी की गयी है परंतु नपा में पदस्थ सतीश कुल्हाड़े अपने आप को नपा अध्यक्ष के खास होने का दंभ दिखाते है और संबंधित ठेकेदार के काम नहीं करने दे रहे है।

नपा के कर्मचारी द्वारा किये गये अतिक्रमण को न हटाये जाने की शिकायत से संबंधित चर्चा जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की गयी तो उन्होंन शीघ्र कार्यवाही की बात कही तथा इस संबंध में नपा के कर्मचारी और अतिक्रमणकर्त्ता सतीश कुल्हाड़े से चर्चा के लिये फोन लगाया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

सड़को की गुणवत्ता सुनिश्चित करने कलेक्टर को पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया ने सौंपा पत्र

सिवनी यशोः- राधिका इंजीनियरिंग कं. द्वारा घटिया स्तर का काम किया जाता है जिसको लेकर पूर्व में सिवनी नगरपालिका परिषद को जनता के आरोपो का सामना करना पड़ा है और राधिका इंजीनियरिंग के काम को घटिया स्तर का माना गया है। इस कंपनी का काम गुणवत्ताहीन होने के आरोप लगते रहे है मॉडल रोड का निर्माण भी काफी चर्चाओं में रहा है और आम जनता ने इसे बहुत भला बुरा कहा तत्कालीन कलेक्टर भरत यादव को इसकी निगरानी के लिये अनेक विभागों के इजीनियरों की टीम लगानी पड़ी थी उसके बाद भी काम में अपेक्षा के अनुरूप गुणवत्ता नहीं रही है।

इन्हीं सारी आशंकाओं को लेकर सिवनी नगर पालिका परिषद में भाजपा पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया एवं पार्षद द्वय राजेश राजू यादव एवं रविशंकर भांगरे ने हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल को पत्र सौंपते हुये मांग की है कि सड़को की गुणवत्ता को निर्धारित तकनिकि मापदंड के अनुरूप रखने के लिये नगर पालिका के इंजीनियरों के स्थान पर प्रधानमंत्री सड़क के जनरल मैनेजर या असिस्टेंड जनरल मैनेजर को इसकी निगरानी के लिये नियुक्त किया जाये।

नपा के भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर को दिये पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में सिवनी नगरीय क्षेत्र में जिन सड़को का निर्माण हो रहा है उनकी मोटाई निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं है डामर का प्रतिशत भी कम मिलाया जा रहा है। पार्षदों ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि ठेकेदार की साइड पर ही डम्फर भरने के पूर्व जानकार तकनिकि अधिकारी के माध्यम से जाँच कर डम्फर रवाना किया जाये और उसे रोड पर बिछाया जाये। ठेकेदार और नपा के इंजीनियरों के भरोसे काम होनेसे गुणवत्ताहीन काम होने की अधिक संभवना है और यह सड़क चार माह में ही उखड़ जायेगी इससे नपा की राशि का अव्यय होगा।

लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्रो का उत्साह के साथ किया वितरण

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र बहनों को स्वीकृति पत्रों का वितरण जिले के अनेक स्थानों पर गुरूवार से प्रारंभ किया गया है। जिले के नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों एवं महिला बाल विकास के द्वारा आज लाड़ली बहनों को स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुये उन्हें शुभकामनाएं भी दी गई। उनसे संवाद किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से हितग्राही के परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा। बहनों के जीवन में सामाजिक क्रांति का वाहक बनेगी लाड़ली बहना योजना। कार्यक्रम मेंबड़ी संख्या मेंपात्र हितग्राही उपस्थित रही।

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के निर्देशानुसार जिले के अनेक स्थानों पर भाजपा के कार्यकर्त्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साह पूर्वक प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में अपनी सहभागिता की। आगामी दिनों मेंइस अभियान को तेज किया जायेगा।

सिवनी यशो :- भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चोहान द्वार प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना मातृशक्ति के सशक्तिकरण और संबल प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। महिलाओं के लिये इतनी बड़ी योजना पहली योजना है और इस योजना से हर मातृशक्ति के चेहरे में आत्मविश्वास की झलक दिख रही है इस योजना का हर पात्र हितग्राही को लाभ मिले इसके लिये भाजपा के कार्यकर्त्ताओं ने पूरी क्षमता के साथ कार्य किया है आगामी समय में भी इस कार्य को पूरी गंभरीता के साथ करना है। भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर लाडली बहनों के लिए स्वीडकृति पत्र बांटने का कार्य करेंगे,महिलाओं को यह बात आवश्यक रूप से भाजपा के कार्यकर्त्ता बताये कि प्रदेश सरकार ने इस योजना के लिये बजट में प्रावधान किया है। जबकि कांग्रेस वोट की राजनीति करने के लिये जनता को गुमराह करती है और झूठ बोलती है न इनके पास कोई योजना है ओर क्रियांवयन के लिये कोई बजट का प्रावधान है झूठ बोलते है कि हम 1500 रूपये देंगे कांग्रेस के झूठ को पूरी क्षमता के बताये।

विवेकानंद वार्ड में आज लाडली बहना योजना की स्वीकृति पत्र बांटे गए। इस वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, अभिषेक दुबे नगर अध्यक्ष भाजपा दक्षिण मंडल, पार्षद एवं नगर उपाध्यक्ष राजू यादव, श्रीमती कविता शर्मा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, दीपक बघेल जी वार्ड अध्यक्ष एवं अर्पित त्रिपाठी सहित आंगनबाड़ी की टीम शामिल रही।

सिवनी विधायक दिनेश राय ने नगर में वितरित किये स्वीकृति पत्र

सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से पात्र लाडली बहनों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। आज सिवनी नगर के उपनगरीय भैरोगंज क्षेत्र में प्रातः 11:00 बजे से विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से घर-घर जाकर भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महात्वाकांक्षी लाडली बहना योजना के अंतर्गत पात्र बहनों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया एवं समस्त हितग्राहियों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर रविशंकर भांगरे पार्षद, अनूप मिश्रा, अभिजीत पचौरी जिला परियोजना अधिकारी, प्रवीण तिवारी सहित महिला बाल विकास विभाग एवं शहरी विकास अभिकरण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

लाड़ली बहना योजना के प्रमाण पत्रों वितरण करने पहुँचे केवलारी विधायक

केवलारी यशोः- केवलरी विधायक राकेश पाल सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सभी वरिष्ठ जनों के साथ घर घर जाकर शुभकामनाओं के साथ प्रमाण पत्र वितरण किए। लाडली बहना के प्रमाण पत्र पाकर बहनों द्वारा देश के यशस्वी मुख्यमंत्र शिवराज सिंह चौहान को प्रसन्नता के साथ धन्यवाद प्रेषित किया। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन,उनके स्वास्थ एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने हेतु मध्यप्रदेश के लाडले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना प्रारंभ की गई। उन्होंने कहा कि इस योजना से केवलारी विधानसभा की लगभग 77 हजार से अधिक बहनें होंगी लाभान्वित होंगी।

केवलारी विधायक श्री पाल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अनेक योजनाओं को जानकारी देते हुए कहा की 2003 के पहले मध्यप्रदेश की जनता को सिर्फ झूठे आश्वासन दिए जाते थे। 2018 के चुनाव में भी कांग्रेस ने अपने चुनावी वादों में किसान कर्ज माफी और युवाओं को बेरोजगार भत्ता का आश्वासन दिया था। परंतु चुनाव जीतने के बाद भी कांग्रेस ने अपने झूठे वादे को पूरा नहीं कर पाई। परंतु हमारे माननीय मुख्यमंत्री ने हमारे मधयप्रदेश की बहनों के लिए लाडली बहना योजना लाकर महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन,उनके स्वास्थ एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने का काम किया है।

श्री पाल ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती है उसके पास अफवाह फैलाने के अतिरिक्त कोई जनहित के कार्य करने की मानसिकता नहीं है।

बेटे बेटियों पर निगरानी और संस्कार से जोड़ने की जरूरत

दिल्ली की घटनाओं से संकेत

रमेश शर्मा–

देश की राजधानी दिल्ली से अे सर ` रूरतम घटनाओं के समाचार आते हैं। कभी बेटी तंदूर में जलाई जाती है, कभी निर्भया काँड होता है, कभी छत्तीस टुकड़े किये जाते और अब कार में फँसा कर 12 किलोमीटर तक घसीटा गया है । ये घटनाएँ केवल संबंधित परिवारों को ही दर्द में डुबोने वाली नहीं हैं अपितु यह पूरे समाज और राष्ट्र को झकझोरने वाली हैं और विचार के लिये विवश कर रहीं हैं कि ये घटनाएँ` यों घट रहीं हैं और` या इनका कहीं अंत होगा ?

दिल्ली के कंझावला की यह ताजा घटना न्यू एयर पार्टी के बाद घटी। इसमें अंजलि नामक युवती की ` रूरतापूर्ण हत्या हुई। उसे कार से 12 किलोमीटर तक घसीटा गया । उसका अंग अंग छिल गया था। शरीर पर त्वचा नाममात्र की बची थी। घटना में रोज नये खुलासे हो रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वास्तव में उस रात ` या घटा था। घटना में दो गूढ़ पहेलियाँ हैं उनके सुलझने के बाद ही सत्य सामने आ सकेगा । पहला रहस्य तो यही कि होटल से अंजलि अकेली नहीं निकली थी । उसके साथ एक लड़की निधि भी थी। होटल के बाहर दोनों में कुछ कहा सुनी हुई फिर दोनों साथ रवाना हुईं। यदि एक ही स्कूटी पर दोनों साथ रवाना हुई थीं तो निधि कैसे सुरक्षित रही उसे चोट भी नाममात्र की है। और वह घटना के बाद गायब` यों और कहाँ हुई? वह स्वयं सामने नहीं आई। उसे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से खोजा गया। दूसरी पहेली है कि अंजलि कार के नीचे कैसे पहुँची। चूँकि कार के तल और जमीन के बीच की ऊँचाई केवल सत्रह सेन्टीमीटर थी। इतने कम अंतर में कैसे स्कूटी सवार कोई युवती दुर्घटना के बाद फँस सकती है। इन पहेलियों को पुलिस सुलझा रही है। हो सकता है कि इन पन्क्तियों के पाठकों तक पहुँचने तक कुछ सुराग सामने आ जाँये। पर यह निश्चित है कि ये घटना अंतिम नहीं हैं। न तो बेटियाँ सावधान होंगी और न बेटों को समझ आने वाली । इसके लिये प्रत्येक परिवार को, समाज को और सरकार तीनों को अपने अपने स्तर पर सोचना होगा।

ऐसी घटनाएँ केवल सनसनी खेज समाचार होती हैं। न माता पिता सतर्क नहीं होते हैं न समाज जागरुक होता है। इसीलिए एक के बाद दूसरी घटना और अधिक` रूरतापूर्ण घटती है । दिल्ली में घटने वाली केवल ये चार घटनाएँ ही नहीं, इनसे मिलती जुलती घटनाएँ देश भर में घट रहीं हैं। पिछले दिनों छत्तीसगढ से खबर थी। लड़की के शरीर पर पेचकश से 52 बार किये गये थे। दिन प्रतिदिन केवल घटनाओं के आँकड़े ही नहीं बढ़ रहे । उनमें ` रूरता भी बढ़ रही है । हम इन चार बड़ी घटनाओं का क्रम ही देखें पहला तंदूर काँड, दूसरा निर्भया काँड, तीसरा छत्तीस टुकड़े, अब कार के नीचे फँसाकर बारह किलोमीटर तक घसीटना। चारों में` रूरता बढ़ी है । अकल्पनीय` रूरता की इन घटनाओं का एक प्रकार है।

घटनाओं का एक दूसरा प्रकार भी है । इसी सप्ताह मध्यप्रदेश में घटी। 58 वर्षीय एक वरिष्ठ नागरिक ने एक बारह साल की बच्ची को किसी बहाने बुलाया और अपनी कुत्सित मानसिकता का शिकार बनाने का प्रयास किया । ऐसी घटनाएँ भी आये दिन समाचार पत्रों में छपतीं हैं। मोटे तौर पर ऐसी घटनाएँ कुल तीन प्रकार की होती हैं। एक तो संपर्क बढ़ाकर, अपने मीठे और दिखावटी व्यवहार से लड़की को फँसाना फिर अपनी हवस का शिकार बनाकर हैवानियत से प्राण लेना। लिव इन में घटने वाली घटनाएँ भी इसी श्रेणी में आतीं हैं। ऐसी घटनाएँ सबसे अधिक साठ प्रतिशत के आसपास घटती हैं। घटनाओं का दूसरा प्रकार परिचितों द्वारा अल्पवयस्क बच्चियों को शिकार बनाना। ऐसी घटनाओं का प्रतिशत बीस के आसपास हैं और फिर एकतरफा प्यार में असफलता से लड़की पर हमला करने की घटनाएँ दस प्रतिशत के आसपास घटतीं है।

घटनाएँ घटतीं हैं, समाचार आते हैं, और सब अपनी दुनियाँ में खो जाते हैं । घटना पर समाज का दिखने वाला आक्रोश भी स्थाई नहीं होता है । यह सब बादलों के झोंके की भाँति आता है और चला जाता है । समाज न तो कुछ सीखता है, और न सावधान होता है । घटना के कुछ दिनों बाद समाज को यह भी पता नहीं होता कि अपराधियों को दंड मिला या नहीं और यदि मिला तो ` या मिला, पीड़ित परिवारों को` या हुआ।

समझदार व्यक्ति और समाज वह है जो दीवार पर उभरती भविष्य की रेखाओं को समझकर सावधान हो जाये । जिस समाज और देश ने भविष्य की इन लकीरों को नहीं समझा वे इतिहास के पन्नों में सिमट गये हैं। हमें भारत में समाज जीवन में आज की युवा पीढ़ी के मन में उभर रही इन लकीरों को समय रहते समझना होगा । यह ठीक है कि इस समय विश्व में भारत की प्रतिष्ठा प्रसिद्धि बढ़ रही है पर इसके साथ समाज जीवन में आंतरिक रूप से विकृतियाँ और तीखापन भी बढ़ रहा है जिसकी झलक इन घटनाओं में दिखती है । इनके तीन प्रमुख कारण हो सकते हैं । एक तो मानवीय संवेदनाओं का ह्रास हो जाना, दूसरा सामाजिक मूल्यों का ह्रास हो जाना, तीसरा किसी उद्देश्य विशेष से बेटियों को फुसलाकर अपने जाल में फँसाना।

सबसे पहले हम बेटियों की ही बात करें तो यह समाधान नहीं है कि हम बेटियों को घर में बंद कर लें उनका निकलना फिरना घूमना बंद कर लें। वे घर से अवश्य निकलें, अपनी प्रतिभा क्षमता दक्षता और मेधा से परिवार समाज और राष्ट्र का आधार बनें पर यह तो ध्यान रखना ही होगा कि कहाँ निकले, किससे मिलें और किस सीमा तक मिलें। परिवार और समाज दोनों को चाहिए कि वे चौतरफा दृष्टि रखें और अपनी बेटियों को सावधान रखें। किसी को मित्र बनाना या किसी के साथ पार्टी करना बुरा नहीं है किंतु यह पहले यह समझ लेना आवश्यक है कि जिसे मित्र बनाया जा रहा है वह वास्तव में है कौन ? उसकी वास्तविकता` या।

मित्रता करने का उसका हेतु` या है ? स्वर्ण मृग को देखकर माता सीता धोखा खा सकतीं हैं । यह कथा निरर्थक नहीं है। समाज को यही संदेश देने के लिये यह कथा है कि दिखने में आकर्षक और लुभावना व्यक्ति, वस्तु या प्रस्ताव हितकर नहीं हो सकता। जीवन को संकट में डाल सकता है। जीवन का कोई निर्णय अदूरदर्शिता, अधीरता या भावुकता में न हो । भावनाओं के अतिरेक में विवेक का संतुलन रहना चाहिए । हम वातावरण नहीं बदल सकते। न किसी व्यक्ति को बदल सकते हैं। वस स्वयं सतर्क रहकर अपना दामन बचा सकते हैं । ÷सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी÷ यह वो` य केवल कहने और सुनने-सुनाने का नहीं है जीवन में उतारने का है । कौन मित्र है यह देखा जाना चाहिए, उसके परिवार से परिचित होना चाहिए ।अपने परिवार को भी उससे परिचित कराना चाहिए, और किस डिनर-पार्टी में जाना, कितनी देर रात तक घर से बाहर रहना, किसके साथ रहना जैसे प्रश्नों पर भी विचार करना चाहिए। और उचित अनुचित देखकर ही सहमति देना चाहिए। यह ठीक है कि सभी कुमित्र नहीं होते पर यह गारंटी भी नहीं है कि आपके समीप आने वाला ÷स्वर्ण मृग÷ वास्तविक है । माता पिता और परिवार को चाहिए कि वे ऐसी समझ और शिक्षा अपनी बेटियों को प्रदान करें, जिससे बेटियाँ भावुकता में न बहें। किसी के साथ अकेले जाने, रात की डिनर पार्टी में जाने या फिर बिन ब्याहे किसी के साथ रहने के निर्णय में उचित-अनुचित सोचकर ही आगे बढें।

अब दूसरी बात युवकों की। जो युवक अकेले या सामूहिक रूप से ऐसी` रूरता कर रहे हैं । उनके द्वारा की जाने वाले कृत्य इतने घृणित और भयानक होती है कि उसे परिभाषित करने के लिये शब्दकोश में इतना तीखा शब्द कोई नहीं जिसकी उपमा दी जा सके । कोई कल्पना कर सकता है कि कार के नीचे किसी जीवित युवती को फँसाकर बारह किलोमीटर तक घसीटना ? इसके लिये हैवानियत शब्द भी छोटा पड़ता है, या किसी लड़की के छत्तीस टुकड़े केवल इसलिये कर दिये जाये कि वह लड़के के धर्म का न अपना रहा। यह अमानवीयता की पराकाष्ठाएँ हैं। इन लड़कों में भी शिक्षा और संस्कार दोनों का अभाव है। जो बेटे ऐसा कर रहे हैं या वे अपना जीवन संवार सकेंगे।

बेटियों का कष्ट तो` रूरता के आरंभ होने से प्राणांत तक होगा पर इन बेटों का जीवन तो जेल में नर्क जैसा बीतेगा। ऐसे अधिकांश बेटे जिन्दा लाश बनते हैं और अपने माता पिता असहनीय और अकल्पनीय कष्ट का कारण बनते हैं। इसलिए बेटों के मामले में माता पिता को अधिक सावधान रहने की जरूरत है । बेटा कितना ही प्रिय हो, उसकी इच्छाएँ भले पूरी की जाँए पर इसे देखा जाना चाहिए कि वह ` या करता है, उसके सोच की झलक कैसी है, उसकी मित्र मंडली कैसी है ? वह परिवार और समाज की परंपराओं से कितना जुड़ा है।

ये बेटे अपनी हैवानियत उस देश में दिख रही है जिसमें कन्या पूजन की परंपरा है। बेटी में देवी दर्शन की कल्पना की गई है। गाँव की बेटी सबकी बेटी, गाँव की बहन सबकी बहन मानी जाती है। ऐसी परंपरा वाले देश में बेटी को तंदूर में जलाया जाये, छत्तीस टुकड़े किये जाये या कार के नीचे फँसाकर बारह किलोमीटर तक घसीटा जाये यह समाज और देश के किस दिशा में बढ़ने का संकेत है। निसंदेह यह पूरे समाज और देश के लिये चिंता और लज्जा की बात है । प्रत्येक परिवार और माता पिता को सावधान होने की बात है । दिखावट सजावट या झूठे अहंकार के प्रदर्शन के लिये बेटे को कार खरीदकर देना अनावश्यक पैसे देना, अनावश्यक डिनर पार्टी की अनुमति देने से पहले कुछ सोचा जाना चाहिए। बालपन से उसे ÷न÷ सुनने और असहमति सहने की आदत डालना चाहिए। यदि बचपन में न सुनने की आदत पड़ गई, पिता की डाँट सहने और माँ के चाँटे की आदत है तो मानकर चलिये वह बड़ा होकर मर्यादा का बहुत उल्लंघन नहीं करेगा।

बच्चों को कितनी सुविधा दी जाय इस पर भी विचार आवश्यक है । घर से लड़कर किसी के साथ लिव इन में चले जाना या माँ की इच्छा के विरुद्ध देर रात की डिनर पार्टी में जाना जहाँ लड़कियों के लिये अब अलार्मिंग हो गया है वहीं अपनी इच्छा को बल पूर्वक अपनी मित्र पर लादना भी उनके जीवन को अंधेरे में ढकेलना ही है । जैसा इस घटना में । उन पांच लड़कों का जीवन भले बच जाये पर` या वह जीवन होगा ? चारों ओर तिरस्कार उपेक्षा के साथ वे पाँचों युवक धरती पर बोझ ही माने जायेंगे। इसलिए जो घट गया उसे सुधारा नहीं जा सकता । वस आगे केलिये सावधानी बरती जा सकती है ताकि किसी बिटियाँ को ऐसी ` रूर मौत न मिले किसी बेटे का जीवन यूँ नर्क न बने।

कुछ सिरफिरे मुस्लिम युवाओं से पूर समाज बदनाम हो रहा - शाहबुद्दीन

दिल्ली - दिल्ली में बर्बतापूर्वक हुए साक्षी मर्डर केस और बढ़ती लव जिहाद की घटनाओं पर मुस्लिम समाज की ओर की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आ रही है और इस प्रकार के कृत्य को मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि निंदनीय बताकर मुस्लिम युवाओं से इस प्रकार की मानसिकता को इस्लाम विरोधी बता रहे है । मुरादाबाद से सपा सांसद एसटी हसन ने नसीहत हुए कहा है कि मुस्लिम लड़के हिन्दू लड़कियों को अपनी बहन समझो, इश्क मोहब्बत वगैरा भूल जाओ। दिल्ली के साक्षी मर्डर केस को सपा सांसद ने दर्दनाक और हैवानियत करार दिया। उनका कहना है कि वो दरिंदे जो ऐसी हरकत करते हैं, उनको जिंदा रहने का हक नहीं है. उनको फांसी की सजा होनी चाहिए । सांसद की इस कड़ी फटकार के साथ ही ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन का बयान सामने आया है। शहाबुद्दीन ने कहा कि मुस्लिम युवा गैर मुस्लिम लड़कियों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए किसी आडंबर का सहारा ना लें।
गैर मुस्लिम लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाना गलत है। इस्लाम इस प्रकार के कृत्य की अनुमति नहीं देता ।

उन्होंने कहा कि आए दिन मुस्लिम युवक माथे पर टीका और हाथों में कलावा बांधकर गैर मुस्लिम लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसाते हैं और फिर उनके संग गलत काम करते हैं। जो उचित नहीं है कुछ सिरफिरे युवाओं की इस तरह की हरकत से पूरा मुस्लिम समाज बदनाम हो रहा है ।

प्रथम विजन जीरो शिखर स मेलन में सड़क डिजाइन और सड़क सुरक्षा पर हुआ मंथन

भोपाल - सड़क सुरक्षा पर तीन दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय विजन जीरो शिखर स मेलन में विशेषज्ञ, नीति-निर्माता, शोधकर्ता और हितधारकों ने सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों और ÷शून्य सड़क दुर्घटना वाला भविष्य%% विषय पर रणनीति के संबंध में मंथन किया। भोपाल के कोर्टयार्ड मेरियट में 29 से 31 मई तक स मेलन हुआ।

स मेलन के अंतिम दिन ÷लोगों के लिए डिजाइनिंग स्ट्रीट्स÷ विषय पर चर्चा हुई। सत्र का संचालन डॉ. राहुल तिवारी ने किया, जिसमें वक्ताओं ने विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा की। एसपीए भोपाल की डॉ. क्षमा पुंतांबेकर ने ÷रहने योग्य सड़कों÷ की अवधारणा पर प्रकाश डाला और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए ÷सड़क पर नजर÷ रखने के महत्व पर जोर दिया। सीआरआरआई दिल्ली के डॉ. मनोरंजन परिदा ने सुरक्षित और कुशल शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए आईआरसी मानकों और सड़क डिजाइन सिद्धांतों पर चर्चा की। ए स भोपाल के डॉ. मनोज नागर ने ÷गोल्डन ऑवर÷ के महत्व, जीवन बचाने और सड़क दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम करने में पहली प्रतिक्रिया की उपलब्धता पर बल दिया।

VISION ZERO
SUMMIT 2023

स मेलन में पैनल चर्चा में एडीजीपी एमपी श्री जी. जनार्दन, सीआरआरआई नई दिल्ली के डॉ. मनोरंजन परिदा, सेव लाइफ फाउंडेशन मुंबई से डॉ. रोशन जोस, डॉ. अलका भारत और मैनिट से डॉ. योगेश गर्ग सहित प्रमुख वक्ता शामिल हुए। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी नवाचार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। शिखर स मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने सार्थक बातचीत, साझा ज्ञान और सड़क सुरक्षा के लिए कार्रवाई योग्य समाधान प्रस्तावित किए।

समापन समारोह में अपर मु य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, मैनिट के निदेशक डॉ. के.के. शु ला, परिवहन आयुक्त एस.के. झा, मैनिट में वास्तुकला और योजना विभाग के प्रमुख जगदीश सिंह और स मेलन सचिव डॉ. राहुल तिवारी शामिल हुए।

पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय व्यवस्था के लिये आर्थिक सहायता

भोपाल -प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की गई है।

राज्य के प्रत्येक जिला मु यालय में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही ब्लॉक मु यालय में विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देने के मकसद से किराये के भवन में छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा जिलों के लिये वर्ष 2023-24 में कन्या छात्रावास भवनों के लिये 12 करोड़ एवं बालक छात्रावास भवन के लिये 5 करोड़ 70 लाख रूपये का बजट में प्रावधान किया गया है।

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये मेधावी पुरस्कार योजना नियम-2010 लागू किये गये हैं। योजना में जिला स्तर पर इस वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है। योजना में कक्षा 10वीं बोर्ड में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को 5-5 हजार रूपये, कक्षा 12वीं बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को 10-10 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में दिये जाते हैं। पुरस्कृत विद्यार्थियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में मु य अतिथि द्वारा स मानित किया जाता है।

मु यमंत्री 10 जून को जबलपुर में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों के खातों में राशि अंतरित करेंगे

भोपाल - मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से पात्र हितग्राही के परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही व्यापक स्तर पर योजना लागू होने से ग्राम और शहरों की अर्थ-व्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव होंगे। पूर्व में लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं की इ पे ट स्टडी से भी यह तथ्य सामने आया है। इस नाते अर्थ-शास्त्रियों, योजना और नीति-निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों के लिए मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना अध्ययन का विषय बनेगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने आज योजना में हुए पंजीयन और आगामी 10 दिवस की गतिविधियों के संबंध में समत्व भवन मु यमंत्री निवास में बैठक कर चर्चा की।

जून के प्रथम सप्ताह में गाँव के साथ शहर के वार्डो में होगा स्वीकृति-पत्रों का वितरण, 8 जून को होंगी लाड़ली बहना ग्राम सभाएँ

लाडली
बहना
योजना 2023
31-05-2023
महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश

मु यमंत्री श्री चौहान ने योजना में प्राप्त आवेदन-पत्रों और संबंधित आगामी कार्यक्रमों के बारे में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, मु य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। बताया गया कि शहरी क्षेत्र के वार्डों में भी जन-प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बहनों को स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जाने की रूपरेखा बनाई गई है। ग्रामों में 8 जून को लाड़ली बहना ग्राम सभाएँ होंगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्री, सांसद और विधायक विभिन्न स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। एक से 7 जून की अवधि में पात्र बहनों को स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। ग्रामों में भजन, मंगल-गीत और लाड़ली बहना गीतों की प्रस्तुति भी होगी। कुछ जिलों में योजना पर केन्द्रित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकों के मंचन की भी योजना बनाई गई है, जो सराहनीय है। मु यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि इन गतिविधियों को उत्सव के रूप में किया जाये।

मु यमंत्री श्री चौहान 10 जून को जबलपुर में राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। योजना की पात्र हितग्राही बहनों के खातों में एक हजार रूपए की राशि अंतरित करते हुए उन्हें संबोधित करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान विभिन्न जिलों में एक से 9 जून की अवधि में प्रतीकस्वरूप बहनों को स्वीकृति-पत्र प्रदान करने के लिए भ्रमण भी करेंगे।

योजना में एक करोड़ 25 लाख से अधिक पंजीयन किए जा चुके हैं। पात्र बहनों को योजना का लाभ दिलाने के लिए बैंक के स्तर पर डी.बी.टी. संबंधी कार्यवाही भी की गई है। तकनीकी कारणों से जहाँ इस कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं किया जा सका है, वहाँ तेजी से कार्य हो रहा है।

राष्ट्र की सीमाओं का दर्शन राष्ट्र प्रेम बढ़ाने में सहायक - मु यमंत्री

भोपाल से ÷माँ तुझे प्रणाम योजना में वाघा बार्डर के लिये रवाना हुई लाड़ली लक्ष्मी बेटियाँ, मु यमंत्री ने रवीन्द्र भवन से वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

भोपाल-मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राष्ट्र की सीमाओं तक जाकर सेना के दायित्व निर्वहन को देखना युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना मजबूत करने में सहायक हैं। ÷माँ तुझे प्रणाम%% योजना में वाघा-हुसैनीवाला (पंजाब) के भ्रमण पर जा रही प्रदेश की लाड़ली बेटियों को यह देखने का विशेष अवसर पर मिलेगा कि सैनिक और सुरक्षा बल किस तरह सीमाओं की रक्षा करते हैं। बेटियाँ मध्यप्रदेश की माटी वहाँ ले जा रही हैं, साथ ही वहाँ की माटी भी यहाँ लेकर आएंगी। हमारी बेटियाँ अपनी प्रतिभा से इतिहास रचें, ऐसी कामना है। मु यमंत्री श्री चौहान ने आज नए रविन्द्र भवन के गौरान्जनी सभागार में मध्यप्रदेश से वाघा बार्डर जा रही 120 बेटियों को रवाना किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने बेटियों को सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी।

लाड़ली लक्ष्मी योजना है बेटियों के सशक्तिकरण का ब्रांड

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2006 में लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की गई थी। उन्होंने अनेक बेटियों को गोद में उठा कर दुलार भी किया है। मु यमंत्री ने कहा कि उनके लिए सबसे सुंदर पल वही होते हैं जब वे लाड़ली बेटियों के साथ होते हैं। योजना ने बेटियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण को बदल दिया है। अब यह योजना मात्र योजना नहीं, बल्कि ब्रांड है बेटियों के सशक्तिकरण का। कहते हैं पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से ही उड़ान होती है। लाड़ली बेटियाँ जीवन में जो भी बनना चाहे बन सकती हैं। बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का प्रयास सभी बेटियों को करना है। बेटियाँ ऐसी भूमिका निभाये कि माता-पिता भी गर्व करें। मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी बेटियों की उच्च शिक्षा की फीस भरने का जि मा राज्य सरकार ने लिया है। हम सभी बेटियों को आकाश में उड़ान भरने दें। पढ़ाई के साथ खेल क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का कार्य करें। खेलो इंडिया में भी बेटियों ने प्रतिभा प्रदर्शन किया। किसी भी क्षेत्र में बेटियाँ पीछे नहीं हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रारंभ में बालिका सुश्री सलोनी श्रीवास्तव कक्षा 12वीं ने वर्ष 2022 की यात्रा के अनुभव सुनाए। अनुभव की प्रभावी प्रस्तुति पर मु यमंत्री ने प्रसन्न होकर बधाई और आशीर्वाद दिया। इस वर्ष वाघा बार्डर पर जा रही कुमारी सुभाषिनी साहू कक्षा 12वीं ने भी विचार रखे। मु यमंत्री ने हरी झण्डी दिखा कर वाघा बार्डर जा रहे वाहनों को रवाना किया। मु यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी उत्सव पर केंद्रित पुस्तिका का विमोचन भी किया।
खेल, युवक कल्याण तथा तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि ÷माँ तुझे प्रणाम%% योजना बेटियों का सेल्फ कांफिडेंस बढ़ाती है। युवा आजकल डिजिटल वर्ल्ड में मशरूफ रहते हैं। युवाओं को देश-प्रेम के साथ हमारी ऐतिहासिक संस्कृति से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि असं य जवानों ने सीमा पर देश के लिए अपनी जान दी है। वे हर परिस्थिति में हमारे लिए खड़े रहे और देश के लिए न्यौछावर हुए। यह अनुभव यात्रा बेटियों को हर चुनौती का सामना करने का हौसला देगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने बेटियों से संवाद कर वाघा बॉर्डर जा रहे दल को राष्ट्र ध्वज सौंपा। सुश्री सुहासिनी के मध्यप्रदेश गान से आरंभ और समापन राष्ट्रगीत वंदे-मातरम के गायन से हुआ। मु यमंत्री ने कन्या-पूजन कर बेटियों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया। खेल संचालक श्री रवि गुप्ता और महिला-बाल विकास आयुक्त श्री आर.आर. भोंसले भी उपस्थित थे। संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा अवस्थी ने लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की जानकारी दी।

7 कृषि केन्द्रों के लायसेंस निलंबित

सिवनी यशोः- विगत 31 मई को कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के म.प्र.राज्य विपणन संघ मर्यादित के विभिन्न उर्वरक विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान ग्राम धानागाडा वेयर हाउस में क्षेत्रीय कृषकों द्वारा कलेक्टर श्री सिंघल को निजी उर्वरक विक्रेता संस्थानों द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर यूरिया उर्वरक विक्रय करने एवं अनावश्यक सामग्री साथ में विक्रय किये जाने के संबंध में लिखित शिकायत की गई थी। क्षेत्रीय कृषकों की शिकायत पर कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा उपसंचालक कृषि को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में उपसंचालक कृषि सिवनी द्वारा शिव कृषि केन्द्र खैरापलारी, श्री ललिता बर ट्रेडर्स पलारी, बसंत कृषि सेवा केन्द्र पलारी, चन्देल कृषि केन्द्र केवलारी, किसान कृषि सेवा केन्द्र केवलारी, विवेक ट्रेडर्स केवलारी एवं किसान एग्रोटेक पलारी के उर्वरक फुटकर लायसेंस निलंबित कर दिए गऐं हैं। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिवनी को उपरोक्त निलंबित कृषि केन्द्रों की पूर्ण जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिये गये है ताकि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जा सकें।

संचालक सैनिक कल्याण विभाग ने सुनी भूतपूर्व सैनिकों की समस्याऐं

सिवनी यशोः-जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत (से.नि.) द्वारा जानकारी देते हुए बतया गया कि विगत 30 मई 2023 को संचालक सैनिक कल्याण विभाग ब्रिगेडियर अरूण नायर ने अपने जिले में प्रवास के दौरान भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके अश्रितों की समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने आवेदकों को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

शादी के 5 महीने ही हुए और युगल दंपति पहुंचे परामर्श केंद्र

सिवनी यशोः- छोटी-छोटी बातों में परिवार में इन दिनों विघटन बड़ी संख्या में दिख रहा है। गरीब, सामान्य या आर्थिक रूप से अधिक संपन्न पढ़े-लिखे परिवार में भी यह स्थिति अधिक संख्या में देखने को मिल रही है। बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र में 15 प्रकरण रखे गए जिसमें से 7 प्रकरण में समझौता हुआ। 2 प्रकरणों में आपसी समझौता नहीं होने पर न्यायालय शरण दी गई परिवार परामर्श केंद्र में केंद्र प्रभारी ज्योति चौरसिया व काउंसलरओ में छिद्धि श्रीवास, सुश्री मीरा नामदेव, हेड कांस्टेबल गोपाल सिंह बघेल आदि उपस्थित थे।

एक प्रकरण में आवेदक ने बताया कि उसकी शादी को अभी 5 महीने ही हुआ है और शादी के पहले दूसरे दिन से ही दहेज की मांग करने लगे।

दोनों पक्षों को बुलाया गया समझाया गया कि बहु बेटी के समान है। बहू का ध्यान रखना ससुराल वालों का काम है। जितना जो भाग्य में रहता है उतना मिल जाता है। पति इस बात से सहमत हुआ और उसने बताया कि उसने कोई मांग नहीं की थी वह छोटी-छोटी बातों को लेकर मजाक करता था। मजाक की बात इतनी बढ़ गई दोनों को समझाया। दोनों में समझा इसमें सहमति बनी समझौता हुआ। दोनों हंसी-खुशी अपने घर गए।

कांग्रेस की कौमी एकता कमेटी की जिला कार्यकारणी एवं ब्लाँक अध्यक्ष घोषित

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सचप्रीत सिंह सलूजा के अनुमोदन से जिला कांग्रेस कौमी एकता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो.सलाम कुरैशी द्वारा जिला कार्यकारणी एवं ब्लाक अध्यक्षो की सूची घोषित की गयी जो निम्नानुसार है। जिला उपाध्यक्ष सर्वश्री श्रीमती नीतू भालेकर भरवेली, राजेष ठाकुर लोपा, बरातीलाल ठाकुर छुई, मधु सोनी कान्हीवाडा, राजेष कुमार डहेरिया कन्हरगांव, सादिक खान कान्हीवाडा, रतिराम सनोडिया कमकासुर, मनोज तिवारी भैरोगंज, जीयनलाल कुंजाम सागर बखारी, भरत जैन छपारा, अकरम अंसारी अंधियारी, पप्पू अंसारी बरघाट। कोषाध्यक्ष श्री जीषान कुरैषी भोमा, सहकोषाध्यक्ष रमेश साहू छुई, जिला महामंत्री सर्वश्री बरकत खान गांधीवार्ड सिवनी, तनवीर अली विमलानगर, दीपक वासनिक बरघाट, जकीउल्ला खान(विषाल) सिवनी, बल्लू खोपरगढे सिवनी, श्रीमती प्रभावती नागेष्वर चूरनाटोला, तरूणसिंह सनोडिया सिमरिया, इस्माईल खान जनता नगर सिवनी, मो. मोनू अंसारी भोमा, आरीफ मो. बरबसपुर, जिला प्रवक्ता श्रीमति कीरण बुर्डे भैरोगंज, मोनू राय बांद्रा, श्रीमति बीनारानी राजेश सनोडिया कन्हरगांव जाम, जिला संगठन सचिव सर्वश्री सुनील माथुर सिवनी, मुस्तफा, उर्फ नवाब खान सिल्लौर, दिलीप कर्वेती खाखरा, अकरम खान सिवनी, नौषाद खान सिवनी, इरफान खान बरघाट, चैनसिंह(टिंकू) ताखला अरी, षफीक खान(संझले) मामू धनौरा, सुनील परते कुडोमुंडरईखुर्द, रहीम खान जनता नगर, तारिक खान जनता नगर सिवनी, जिला सचिव सर्वश्री सादिक खान कान्हीवाडा, संतोश काकोडिया रिझाई खापा, षफी षाह सिहोरा लखनादौन, खेलनसिंह राहंगडाले करकोटी, गोपाल पुसाम पिपरिया घंसौर, जिला कार्यकारणी सदस्य सर्वश्री श्रीमती सावित्री बाई मरकाम बंजारी उडैपानी, षिवकुमार परते विजयपानीखुर्द, करणसिंह मरकाम बंजारी, धर्मेन्द्र कुंजाम बंजारी, विनोद ठाकुर केवलारी, नरेष मर्सकोले रिझाईखापा, धनराज पुसाम पिपरिया घंसौर, षिवषंकर पारधी पात्थरफोडी, धनसिंह ठाकुर करकोटी, षेरसिंह मसराम छिन्दबर्री का समावेश किया गया है। इसी तरह ब्लाक अध्यक्षो में सर्वश्री श्री बरघाट ब्लाक अध्यक्ष षमीम खान पंडा, कुरई ब्लाक अध्यक्ष अकरम भाई, सुकतरा ब्लाक अध्यक्ष इजाज पटेल, गंगेरूआ ब्लाक अध्यक्ष डालेन्द्र राहंडाले, सिवनी (षहर) ब्लाक अध्यक्ष प्रहलादसिंह बघेल सिवनी, सिवनी ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह ठाकुर पलारी, गोपालगंज ब्लाक अध्यक्ष दीपक चंदेल, बंडोल ब्लाक अध्यक्ष मोहन यादव, मुंगवानीकलां ब्लाक अध्यक्ष रघुनंदनसिंह ठाकुर, बखारी ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद गनी खान, चमारी ब्लाक अध्यक्ष षेख अंसार खान, केवलारी ब्लाक अध्यक्ष अकरम भाई, उगली ब्लाक अध्यक्ष संतोश निर्मलकर, कान्हीवाडा ब्लाक अध्यक्ष सोनू मर्सकोले, धनौरा ब्लाक अध्यक्ष नसीम खान, छपारा ब्लाक अध्यक्ष इबरार अंसारी, लखनादौन ब्लाक अध्यक्ष जनाब टीपू सुल्तान, आदेगांव ब्लाक अध्यक्ष जाबिद खान, धूमा ब्लाक अध्यक्ष कुंजबिहारी यादव, नागनदेवनी ब्लाक अध्यक्ष अन्नीलाल यादव, सालीवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष नौषाद पटेल, घंसौर ब्लाक अध्यक्ष संतू अवधिया, केदारपुर ब्लाक अध्यक्ष मेहपालसिंह गुलजार केदारपुर का समावेश किया गया है।

जिला कांग्रेस कौमी एकता प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की इस नियुक्ति पर सभी कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित कर आशा व्यक्त की है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जिला कांग्रेस कौमी एकता प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को जीताने में अपने दायित्वो का निर्वहन करें।

के. के. सोनी ने जिला सहकारी बैंक के मुख्यकार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

सिवनी यशोः-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सिवनी में छिंदवाड़ा जिले से स्थानांतरित होकर आये नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के.सोनी ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री सोनी ने बैंकिंग कार्य की समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न शाखाओं में संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अपनी गतिविधियों का और अधिक विस्तार करें आधुनिकीकरण की दिशा में सतत आगे बढ़े, साथ ही अपनी बैंकिंग सेवाओं के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करें। उल्लेखनीय है, कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की जिले में 16 शाखायें तथा 57 सहकारी संस्थायें है। म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया, साथ ही 11 माह के कुशल कार्यकाल के लिए प्रभारी महाप्रबंधक तुलसी प्रसाद बघेल का भी महासंघ ने आभार व्यक्त किया।इस दौरान सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर, जोगेश ठाकुर, संतकुमार राजपूत, प्रदीप शर्मा, विमलेश बघेल, मुकेश बघेल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुनवारा में नारी सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ कराया रजनीश ने

सिवनी यशोः-भावी मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार धनौरा ब्लॉक के ग्राम सुनवारा में समस्त माताओं बहनों के सम्मान मे नारी सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया तथा पूर्व विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी एवं कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा डोर टू डोर जाकर महिलाओं को कमलनाथ जी के द्वारा महिलाओं के सम्मान में किए गए वादों की बिस्तृत जानकारी दी गई, एवं सुनवारा में उक्त योजना का फॉर्म भरवा कर पंजीयन किया गया! तथा *सभी महिलाओं को नारी सम्मान योजना का लाभ बताया गया!

मेसर्स राजाधिराज को आधिपत्य प्रदान करने हेतु नोटिस जारी

सिवनी यशोः- मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. (डालडा फैक्ट्री) को अर्द्धशहरीय औद्योगिक संस्थान सिवनी में सॉलवेन्ट एस्टेंशन प्लॉन्ट एवं वनस्पति प्लान्ट हेतु आवंटित 8.71 एकड़ भूमि की लीजडीड एवं आंवटन आदेश इकाई विगत कई वर्षो से बंद होने के कारण एवं लीजडीड की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के फलस्वरूप 30 दिवसीय नोटिस जारी किया गया था, जिसका कोई जवाब इकाई द्वारा नहीं दिया गया। जिसके फलस्वरूप जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी के महाप्रबंधक श्री आर. एस. उईके द्वारा 25.05.2023 को मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0 की लीजडीड निरस्त कर दी गयी है। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा शुक्रवार 2 जून 23 को 15 दिवस के अंदर इकाई को भूमि का आधिपत्य विभाग को सौंपने संबंधी नोटिस जारी किया गया, निर्धारित समय सीमा में आधिपत्य नहीं सौंपने की स्थिति में पंचनामा के आधार पर विभाग द्वारा कब्जा प्राप्त कर लिया जाएगा।

डॉक्टर प्रकाश टाटा भी जागरण में हुए शामिल

मां खेरापति मंदिर समिति द्वारा नवभारत के तत्वाधान में देवी जस गायक रुद्रकांत ठाकुर और सिवनी नगर के अशोक अकेला की प्रस्तुति के साथ देवी जागरण मैं प्रसिद्ध व्याख्याता आयुर्वेदिक अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर प्रकाश टाटा सहित उनके बेटे जोकि हप्पू सिंह सीरियल में काम कर रहे हैं उनकी उपस्थिति में देवी जागरण कार्यक्रम के साथ उनका मंच में स्वागत किया गया और सभी भक्तों से उन्हें मिलाया गया जिससे डॉक्टर साहब ने सभी को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम में शामिल होकर इस जागरण का कार्यक्रम में शोभा बढ़ाया वही इनके साथ डॉक्टर जी एस सिद्धू का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा उन्होंने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्त जनों के साथ-साथ गीत जस गाने वाले गायकों को भी हौसला बुलंद किया और इस कार्यक्रम में शामिल हुए जो जन चर्चा का विषय बना

सरपंचों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष से बताई अपनी पीड़ा

छपारा यशोः-जनपद पंचायत छपारा की ग्राम पंचायतों में निर्वाचित हुए 51 पंचायतों के सरपंच को निर्वाचन के बाद से आज तक किसी भी प्रकार का कोई भी मानदेय नहीं मिला जिसको लेकर आज 1 जून को जनपद सभाकक्ष में जनपद पंचायत के अध्यक्ष के समक्ष एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सरपंचों ने जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकडे जी को अपनी पीड़ा व्यक्त की उन्होंने शासन से मांग किया है कि समय रहते हमारा मानदेय मिलना चाहिए इस विषय में सरपंच संघ ने लखनादौन एसडीएम और तहसीलदार छपारा को इस आशय का एक ज्ञापन सौंपा है जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह वरकडे जी ने कहा है कि 10 माह से सरपंचों का मानदेय क्यों नहीं दिया गया जबकि पिछली पंचवर्षीय मे सरपंचों को मानदेय आज तक नहीं दिया गया इन्हीं कारणों से वर्तमान सरपंच में रोष व्याप्त है इस पर जिला कलेक्टर को मध्यप्रदेश शासन से सरपंचों के मानदेय पर पत्र व्यवहार करना चाहिए और समय पर सरपंचों मानदेय मिले ऐसी प्रशासन से जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिह बरकडे ने अपेक्षा व्यक्त की है ।

निर्वाचित होने
के बाद से
आज तक नहीं
मिला मानदेय

बाइक सवार घायल को तहसीलदार ने पहुंचाया अस्पताल

सिवनी यशोः- सिवनी मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के समीप एक सड़क हादसा हो गया, जहां बाइक और साइकिल की भिड़ंत हो गई। टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है।

बरघाट तहसीलदार अमित रिनाहते निकल रहे थे, जिन्होंने देखा कि एक व्यक्ति घायल है। मानवता दिखाते हुए उन्होंने वाहन में उस घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया।

गुणवत्ता जांच हेतु विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

सिवनी यशोः- खाद्य आयुक्त सुदाम खांडे एवं कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में खाद्य उत्पादों पर विशेष निगरानी रखने के लिए मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के जांच दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठनों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस परिहार किराना स्टोर रैयतवाड़ी से सरसों तेल एवं शक्कर, पटेल मेडिकल आरी से लिकोवित सिरप एवं ग्लूकॉन-डी, आशीष किराना स्टोर से गरम मशाला, चायपत्ती, अग्रवाल किराना खैरा पलारी से खाद्य पदार्थ मिल्क मैजिक घी एवं ओम किराना खैरा पलारी से खाद्य पदार्थ शहद, खजूर और अचार का नमूना गुणवत्ता जॉच हेतु लेकर राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोग शाला भोपाल भेजा गया एवं संबंधित खाद्य करोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा 36 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने लखनवाड़ा में घाटों के निर्माण हेतु स्वीकृत किया राशि

सिवनी यशोः- गुरुवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जीवन दायिनी पवित्र मां बैनगंगा नदी में घाटों के निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की । सिवनी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम व ग्राम पंचायत लखनवाड़ा मे स्थित जीवन दायनी मां बैनगंगा नदी में पूज्यपाद द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री जिले की सम्मानीय नेत्री स्व. सुश्री विमला वर्मा (बुआ) जी की स्मृति मे घाटों के निर्माण हेतु विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधायक निधि से राशि 05:00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त संबंध मे श्री राय द्वारा वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निरंजन मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में ग्राम पंचायत लखनवाड़ा सरपंच श्रीमती राधा बाई अटल सिंह बघेल जी एवं उपसरपंच देवेन्द्र बघेल को अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे स्वीकृति पत्र सौंपा गया। ज्ञात हो कि विधायक श्री राय द्वारा पिछले दिनों पवित्र मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर लखनवाड़ा घाट पर आयोजित मां बैनगंगा की महाआरती कार्यक्रम के दौरान उक्त नामों से घाटों के निर्माण किये जाने हेतु विधायक निधि से राशि स्वीकृत किये जाने की बात कही गई थी। इसके साथ ही विद्युत विभाग को घाट में प्रकाश व्यवस्था हेतु निर्देश दिए।

मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

सिवनी यशोः- जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मलेरिया विभाग द्वारा जिले में मलेरिया की प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण व जनसामान्य में जागरूकता का प्रचार प्रसार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश श्रीवास्तव एवं डॉ. आर.के. धुर्वे जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ पी. सूर्या आर.एम.ओ., डॉ योगेश अग्रवाल, रामजी भलावी जिला मलेरिया अधिकारी, पी.डी. यादव एस.आई., संजय दुबे, एवं मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाजर की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय सिवनी से मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए मलेरिया निरोधक माह का शुभारंभ किया गया। साथ ही जिला मुख्यालय में मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाजर, शहरी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आशाओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं बारिश के पूर्व की जाने वाली रोकथाम गतिविधियों को अभियान स्तर पर करने के निर्देश दिए गए।

मलेरिया रथ सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र एवं मलेरिया प्रभावित ग्रामों में भ्रमण करेगा। भ्रमण के दौरान मलेरिया रथ में बुखार रोगियों की जांच की सुविधा तथा मलेरिया से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी व सुझाव प्रदाय की जाएगी।

बीएलओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें- जिला निर्वाचन अधिकारी

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार 01.10.2023 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामवली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार 02.08.2023 को एकजाई निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन समस्त मतदान केन्द्रों में किया जाएगा तथा 02.08.2023 से 31.08.2023 तक दावे आपत्तियां दर्ज करने की तिथि निर्धारित की गई है। दावे आपत्तियों का निराकरण दिनांक 22.09.2023 तक किया जाकर फोटो निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 04.10.2023 को किया जावेगा।

फोटो निर्वाचक नामवली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी.एल.चनाप द्वारा विधानसभा- 115 सिवनी के बीएलओं, हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा हाई स्कूल के प्राचार्यो के साथ पृथक-पृथक बैठक आयोजित कर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म0प्र0 भोपाल के द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया एवं उक्त संबंध में निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये इसके अतिरिक्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की पृथक से बैठक आयोजित कर उन्हें उक्त कार्य में सहयोग करने हेतु अवगत कराया गया।

"मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना" में 15 जून से पंजीयन प्रारंभ

सिवनी यशोः- प्रभारी प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि %%मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना%% में 10वी, 12वी, आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री एवं उच्च शिक्षा प्राप्त 18 से 29 वर्ष के युवक-युवतियां 15 जून 2023 से पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र सिवनी से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्लेसमेंट ड्राइव में 12 प्रशिक्षणार्थियों का चयन

मंडला यशोः- प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय आईटीआई मंडला में वाल्वो, आयशर कंपनी भोपाल द्वारा ऑनलाइन, ऑफलाइन अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राईव में मंडला जिले के 35 प्रशिक्षणार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया जिसमें कंपनी द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण विभिन्न ट्रेड के 12 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया। प्रशिक्षणार्थियों को कंपनी द्वारा 10 जून 2023 तक कंपनी ज्वाइन करने निर्देशित किया गया है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 9650 से 10507 रुपए प्रतिमाह स्टायपेंड एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

मंडला यशोः- सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 2 जून 2023 को दोपहर 3:30 बजे जिला योजना भवन मंडला में आयोजित की गई है।

समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

मंडला यशोः-आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में आ रही कठिनाईयों (माड्यूल ओटीसी चालान वेब पोर्टल, पेय फिक्सेशन, पेंशन प्रकरण, एनपीएस, हेररकी बनाना) के समाधान हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन जिला योजना भवन सभाकक्ष मण्डला में 2 जून 2023 (शुक्रवार) को देपहर 2 बजे से 5 तक किया जाएगा।

कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार में कल तक

मंडला यशोः- विशिष्ट आवासीय विद्यालय में कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार में एसटी विकलांग संवर्ग की 5वी उत्तीर्ण 2 छात्राओं को वर्तमान सत्र की कक्षा 6वी में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 3 जून 2023 निर्धारित की गई है।

ड्यूटी लगाने के आदेश जारी

मंडला यशोः- अपर कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला आपदा प्रबंधन के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन सत्र 2023 हेतु जनसामान्य को लू-(तापघात) के प्रकोप से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, पेयजल समस्या एवं विद्युत समस्याओं के संबंध में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों एवं उनके समुचित निराकरण हेतु कार्यालय कलेक्टर मण्डला के अधीक्षक कक्ष में स्थापित जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन कन्ट्रोल रूम (दूरभाष क्रमांक-07642-251079) में जिलेभर से प्रतिदिन प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु सहायक ग्रेड-3 लोक निर्माण विभाग संभाग भरतलाल झारिया मण्डला की ड्यूटी 23 मई 2023 से 15 जून 2023 तक दिनों एवं समय के लिये लगाई गई थी। अपर कलेक्टर ने भरतलाल झारिया की ड्यूटी निरस्त करते हुये इनके स्थान पर विजय झारिया भृत्य (मो.नं. 9244061953) कार्यालय वाणिज्यकर अधिकारी मण्डला की 30 मई 2023 से 15 जून 2023 ड्यूटी लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

कान्हा से 4 गौर की पहली खेप संजय टाईगर रिजर्व सीधी के लिए रवाना

मंडला यशोः-वन्यप्राणी संरक्षण एवं प्रबंधन में अग्रणी टाईगर स्टेट मध्यप्रदेश द्वारा विभिन्न संकटापन्न प्रजातियों की अलग-अलग स्थानीय आबादी विकसित करने हेतु अनेक नवाचार किये जाते रहे हैं। विलुप्तप्राय बारासिंघा प्रजाति पूर्व में कान्हा से सतपुड़ा टाईगर रिजर्व एवं बांधवगढ टाईगर रिजर्व में स्थापित किये जा चुके हैं, जिससे इस प्रजाति को नया जीवन प्राप्त हुआ। इसी प्रकार संजय टाईगर रिजर्व, सीधी में गौर की आबादी विकसित करने की परियोजना तैयार की गई।

कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी में गौर के प्रत्यास्थापन की योजना वर्ष 2021 में भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृत की गई थी। यह योजना म.प्र. शासन वन विभाग के पहल पर भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा तैयार की गई, जिसके अंतर्गत कान्हा टाईगर रिजर्व से 35 एवं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व से 15 गौर वन्यप्राणियों का स्थानान्तरण प्रस्तावित हैं। इसी कड़ी में कान्हा टाईगर रिजर्व से 1 जून 2023 को 2 नर एवं 2 मादा कुल 4 गौर की पहली खेप संजय टाईगर रिजर्व हेतु रवाना की गई। इस कार्यवाही के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश जसवीर सिंह चौहान, भा.व.से. विशेष रूप से कान्हा में उपस्थित थे। उनके मार्गदर्शन में कान्हा परिक्षेत्र के रानी तालाब क्षेत्र से गौर को पकड़कर विशेष रूप से तैयार किये गये परिवहन ट्रक से रवाना किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश वन विभाग के सुनील कुमार सिंह, भा.व.से., क्षेत्र संचालक एवं पुनीत गोयल, भा.व.से. उपसंचालक कान्हा टाईगर रिजर्व एवं संजय टाईगर रिजर्व के अधिकारी, कर्मचारियों के अतिरिक्त भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के प्रोजेक्ट इन्चार्ज डॉ. पराग निगम तथा उनके सहयोगी तथा मध्यप्रदेश वन्यप्राणी स्वास्थ्य एवं फॉरेंसिक संस्थान, जबलपुर की शोभा जावरे के नेतृत्व में टीम संलग्न थी। गौर पकड़ने की कार्यवाही प्रातः 5 बजे से आरम्भ कर प्रातः 9 बजे तक संपन्न की गई।

इसके पूर्व वर्ष 2011-12 में कान्हा टाईगर रिजर्व से 50 गौर का प्रत्यास्थापन बांधवगढ टाईगर रिजर्व, उमरिया में सफलतापूर्वक किया गया। वहाँ लगभग 150 गौर की संख्या है। वर्तमान प्रक्रिया पूर्णतः भारतीय विशेषज्ञों की देखरेख में संपन्न की जा रही है। इस प्रक्रिया के अध्ययन के लिये छत्तीसगढ़ एवं कर्नाटक राज्य के वन्यप्राणी प्रबंधन अधिकारी भी उपस्थित रहे। आगामी 1 सप्ताह में कान्हा टायगर रिजर्व से 35 गौर का विस्थापन किया जाना प्रस्तावित है।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सीसीएलई प्रशिक्षण का समापन

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रयोजित एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंडला द्वारा आयोजित 04 दिवसीय सीसीएलई प्रशिक्षण कन्यास शिक्षा परिसर चटुआमार मंडला मे समापन किया गया।

दिनांक 29 मई 2023 से 01 जून 2023 तक आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिवस शासकीय कन्या 2 शिक्षा परिसर के प्राचार्य एस के तंतुवाय सभी प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही प्राचार्य के द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुये कहा गया कि शिक्षक अपने अंदर समर्पण की प्रवृत्ति विकसित करें और अपने अनुभवों से बच्चोंह को कैसे पढाये इससे अवगत करायें। भोपाल से आये पिरामल फाउडेशन के प्रभारी अधिकारी सिद्धेश्वोर प्रसाद के द्वारा शिक्षकों को जाते समय यह कहा कि दुनिया में शिक्षको से बडा कोई पेशा नही होता। अध्याापको का मिशन होता है युवा मानस को प्रज्वलित करना। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का खून पसीना होता है। उन्हेद हमेशा अपने अंदर बौद्धिक ईमानदारी और करूणा जागृत करनी होती है,एक अच्छा अध्याहपक जो सुनियोजित हो वही ज्ञानी कहलाता है। पिरामल फाउंडेशन ने सूनी लो को प्रत्येनक शनिवार को आयोजित होने वाले सतत व्याहपक अधिगम एवं मूल्यां्?कन की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने के लिये आश्ववस्तय किया। प्रशिक्षण? में शिक्षक के माध्यर 04 सदन का गठन किया गया जिसमें महाराणा प्रताप, सदन,रानी लक्ष्मी?बाई सदन,रानी दुर्गावती सदन और छत्रपति शिवाजी सदन ने बढ-चढकर के हिस्सा लिया। विजेता रानी दुर्गावती सदन एवं उपविजेता छत्रपति शिवाजी सदन रहा। प्रतिभागियों ने हर विधा में आनंदमयी, रूचि पूर्ण एवं कलात्मिकता के साथ सहभागिता प्रस्तुति की। सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन में सहायक संचालन एमएस सेन्द्रा म जिला सीसीएलई नोडल अधिकारी एलएस मसराम एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी शासकीय मॉडल उमावि के प्राचार्य आर के भांडे समस्तम सीसीएल जिला स्त्रोधत समूह की भूमिका महत्वयपूर्ण थी।

निवास परिषद में 105 महिलाओं को स्वीकृति पत्र वितरित

मंडला। नगर परिषद निवास के वार्ड क्रमांक 1 खडदेवरी वार्ड में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 105 पात्र महिलाओं को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद निवास अध्यक्ष हेमलता परस्ते, उपाध्यक्ष बसंत चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, निकाय के कर्मचारी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

योग और ध्यान का शिविर

मंडला यशोः- नारायणगंज के बबलिया सेक्टर क्रमांक 5 के अंतर्गत ग्राम पंचायत चकदेही में एकात्म अभियान में योग और ध्यान का शिविर लगाया गया जिसमें योग और ध्यान के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया कि हम अपनी दैनिक दिनचर्या को और मन शरीर को सुंदर व स्वस्थ बनाने में किस प्रकार उपयोगी है। मेंटर सुरेश कुमार सोनी के साथ कृष्ण कुमार झारिया यह जानकारी हार्ट फुलनेस मैडिटेशन के माध्यम से डॉक्टर जेके सिंह द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

बीजाडांडी ब्लॉक में जनसेवा मित्रों ने की साफ-सफाई

मंडला यशोः- 1 जून 2023 को बीजाडांडी ब्लॉक में सभी जनसेवा मित्रों ने राधाकृष्णन मंदिर पहुँचकर साफ-सफाई का कार्य किया। जनसेवा मित्रों ने स्वास्थ्य केंद्र में भी साफ-सफाई कार्य किया। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों ने डांड की राधा कृष्ण मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बीजाडांडी हाट बाजार की दुकानों एवं जनपद पंचायत बीजाडांडी मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान का कार्य किया। यह कार्य जनसेवा मित्रों के निर्देशक सीएम फेलो सुप्रिया पाठक नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। ब्लॉक बीजाडांडी जनपद सीईओ प्रमोद ओझा एवं स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर किरण सोलंकी भी उपस्थित रहे तथा कार्य में सहयोग किए।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना: स्वीकृति पत्रक पत्र हुए वितरित

मंडला। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 31 मई तक आपत्ति निराकरण एवं बैंक लिंकेज से संबंधित कार्य किए गए हैं। पंचायत स्तर पर पात्र महिलाओं की अंतिम सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया है। 1 जनू को जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायतों में लाड़ली बहना योजना के लिए अंतिम रूप से चयनित बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। विधायक मंडला देवसिंह सैयाम ने ग्राम झुलपुर में योजना के लिए पात्र बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण किया। इसी प्रकार मुंगवानी, मोहगांव सहित अलग-अलग पंचायतों में भी लाड़ली बहना के स्वीकृति पत्र वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

कलेक्टर ने दी पात्रता, प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर हुई परिचर्चा

मंडला यशोः- योजना भवन में म.प्र. सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर परिचर्चा आयोजित हुई। परिचर्चा में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, जिला पंचायत सीईओ रानी बाटड, जीएमडीआईसी श्री वास्कले, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं रोजगार प्रदाता फर्म के संचालक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने परिचर्चा को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए एक निर्धारित राशि मिलेगी जिसके आधार पर विद्यार्थी आगे प्रशिक्षण एवं पढ़ाई साथ-साथ कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के अभाव में वंचित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए यह योजना महत्वपूर्ण है। डॉ. सिडाना ने योजना के तहत विद्यार्थियों एवं प्रतिष्ठानों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही योजना के लिए पात्रता, अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्टाईपेंड, फर्म के पंजीकरण की प्रक्रिया, शर्तें आदि के बारे में बताया। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठानों के लिए 7 जून से ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ हो रहे हैं। इसी प्रकार युवाओं के लिए 15 जून 2023 से पंजीयन प्रारंभ हो रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए ीजजचेरूध्ध्उउेलण्उचण्हवअण्पदध् पर संपर्क किया जा सकता है।

मां नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए अभाविप के कार्यकर्ता तत्पर

रपटा घाट मंडला में चलाया स्वच्छता व जागरूकता अभियान

मंडला यशोः-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला द्वारा स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट गतिविधि के माध्यम से रपटा घाट मंडला में मां नर्मदा संरक्षण अभियान के तहत स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों से अपील की गई कि साबुन, निरमा का उपयोग मां नर्मदा में ना करे, विद्यार्थी परिषद के अभियान के तहत प्रत्येक दिन किसी एक घाट में श्रमदान किया जाएगा,इसके साथ लोगो को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जायेगा। जिला संयोजक वागीश पटेल ने बताया कि पर्यावरण या नदी संरक्षण जैसे कार्य सामुदायिक जागरूकता और सहभागिता के बिना संभव नहीं हैं। जब आमजन स्वप्रेरणा से किसी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिये आगे आते हैं, तो उस अभियान में पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। इस तरह के अभियान में लोगों के मन में जिम्मेदारी का भाव, उनकी सोच और मानसिकता में सकारात्मकता तथा उस दिशा में व्यवहार में बदलाव बहुत आवश्यक है। विद्यार्थी परिषद अपील करता है कि सभी आम जनमानस विद्यार्थी परिषद के साथ इस पुनीत कार्य में जुड़े। इस दौरान विभाग संयोजक उर्वासी राय,जिला संयोजक वागीश पटेल,नगर मंत्री समीर श्रीवास, महाविद्यालय कार्य प्रमुख प्रखर श्रीवास,सुमित श्रीवास, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुष्पा नामदेव हुई सेवा निवृत्त

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
मोहगांव

मंडला यशोः- सेवा निवृत्त सुरेन्द्र नामदेव फर्मासिस्ट की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता नामदेव जो सेक्टर चंदवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एल.एच.व्ही.के पद पर रहते हुए 36 वर्ष शासकीय सेवा में पूर्ण कर आज सेवा निवृत्त हुई इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में श्रीमति पुष्पा नामदेव के सम्मान में विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें डॅा.कांची झिकराम , डॉ.कमलेश झिकराम सी.बी.एम.ओ., डॉ.बी.कुडापे,डा.अमित भलावी, सुरेन्द्र नामदेव, सुभाष नामदेव, श्रीमति सरोज नामदेव, सोनम नामदेव,अनामिका तिवारी,साहब एल्मा रोविनशन ,सकुन अदाशे ,सकुन कगार, चंदनसिंह तेकाम, सलोनी,नेहा साहू, एकता जेस, आरती नामदेव, ज्योति नामदेव, श्वाति नामदेव, एवं समस्त आशा कार्यकर्ता, सहयोगिनी, उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 6 कचहरी मोहल्ला मैं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती शकुन जघेला जी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष सुमन श्रीवास रेशमा अल्वी ब्लॉक अध्यक्ष रोहिणी सरूपा तरन्नुम बेगम संगठन मंत्री तरन्नुम उपाध्यक्ष अमाना बेगम वार्ड अध्यक्ष रेशमा बानो फिश का बेगम शबाना बानो शहनाज बेगम सादगी बेगम अमाना उजमा बेगम हां जिन्होंने कांग्रेस में कांग्रेस में सदस्यता ली एक दर्जन महिला ने नीति को देखकर सदस्यता ग्रहण की।

नाम सुधार आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD AARIF KHAN) पिता श्री मोहम्मद यूनुस खान जन्म दिनांक 02.03.1981 वर्तमान पता ग्राम खारी पो. बुढैनाकलां, तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.) 480667 का निवासी हूं।

मेरे पुराने पासपोर्ट क्र. K4938537 में मेरा नाम मोहम्मद आरिफ (MOHAMMED ARIF) अंकित है, जो कि उच्चारण त्रुटिपूर्ण है।

मेरे अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMADAARIF KHAN) पिता श्री मोहम्मद यूनुस खान (MOHAMMED YUNUS KHAN) वर्तमान पता ग्राम खारी पो. बुढैनाकला, तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.) 480667 अंकित है। अब भविष्य में मुझे मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD AARIF KHAN) पिता श्री मोहम्मद यूनुस खान (MOHAMMED YUNUS KHAN) के नाम से जाना तथा पहचाना जावें।

नामधारी

मोहम्मद आरिफ खान पिता श्री मोहम्मद यूनुस खान
MOHAMMAD AARIF KHAN S/O
MOHAMMED YUNUS KHAN ग्राम खारी पो.
बुढैनाकलां, तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.)
480667

अपर कलेक्टर ने सुनी 101 आवेदकों की समस्या

मंडला यशोः- जन सुनवाई के प्रति लोगों का विश्वास एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है नवागत कलेक्टर द्वारा जहां जन सुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है वहीं नवागत कलेक्टर ने दूर-दूर से आने वाले आवेदकों को किसी पीड़ित लाचार व्यक्ति की तरह अधिकारी के सामने खड़े होकर आवेदन करने की जगह अधिकारी के बगल में बैठकर अपनी समस्या बताने की व्यवस्था की है जो अधिकारी और आमजन के बीच की दूरी को कम करने के लिए महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में 101 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर एसीईओ जिला पंचायत एसएस मरावी, एसडीएम मण्डला पुष्पेन्द्र अहके सहित संबंधित उपस्थित थे। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत देवरी निवासी गणेश प्रसाद ने वृद्धा पेंशन एवं राशन कार्ड बनवाने के संबंध में, हाउसिंग बोर्ड कालोनी मण्डला निवासी समलू प्रसाद श्रीवास ने बिजली सप्लाई की खुली तार को सुरक्षित करने के संबंध में, ग्राम देवरीदादर निवासी चैतू सिंह ने आर्थिक सहायता के संबंध में, ग्राम पड़रिया बिछिया निवासी रंजीत यादव ने सहायता राशि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं के रोकथाम तथा समन्वय के लिए गठित समिति की बैठक 2 को

मंडला यशोः- जिला स्तरीय समिति द्वारा नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के तारतम्य में एनसीओआरडी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में प्रत्येक तिमाही में बैठक का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर की अध्यक्षता में 2 जून 2023 को सायं 3:30 बजे से जिला योजना भवन में उक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में सूचना का आदान प्रदान करना, जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी करना, ऐसे प्रकरण जो क्रास स्टेट संबंधी हों उनकी जांच की प्रगति की निगरानी करना, स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता को बढ़ावा देना, एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और दवाओं के हानिकारक प्रभावों पर मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, जिलों में मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू करना, मादक पदार्थों का पता लगाने के लिए उपकरणों की आवश्यकताओं का आंकलन करना और इनकी व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाना एवं जिले में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्रों का पर्यवेक्षण करना आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297